तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **प्रदीप विधानी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353423736761225	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/11/25	अपीलार्थी प्रदीप विधानी निवासी बी 37 उम्मेद क्लब रोड़, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 08.09.2025 खसरा संख्या 621 ग्राम चौखा प्रदीप नगर के आम रास्ते 25 फुट पर अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर उचित कार्यवाही करने के लिए जो प्रार्थना पत्र दिनांक 13.02.2025 को प्रस्तुत किया था, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात आज दिनांक तक की गई कार्यवाही की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित एवं रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 1155 दिनांक 03.11.2025 द्वारा अवगत करवाया की प्रार्थी द्वारा सूचना अधिकार मे चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक सू.अ.अ./प्रा.सं. 417/2005/ दिनांक 09.10.2025 द्वारा प्रेषित की जा चुकी है तथा लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर यह अपील खारित योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.11.27 18:24:50 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
19077908